दिनांक 30 मार्च 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय मे आज प्रतिदिन तय समय पर होने वाले राष्ट्रगान के पश्चात मतदाता जागरूकता संदेश देने के लिए उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा बाएं हाथ की उंगली को दिखाकर मतदान अवश्य करें का नारा लगाते हुए मतदाता जागरूकता संदेश दिया गया साथ ही उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को अपनाते हुए स्वयं के द्वारा अवश्य मतदान करने का शपथ एवं संकल्प लिया गया।

निगमायुक्त सुंदरानी ने लोक सभा निर्वाचन 2019 के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता व शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो इस दृष्टिकोण से निकाय स्तर पर निगम भिलाई के लिए स्वीप दल का गठन कर दिया है जिसमें नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी सहित सदस्यों की नियुक्ति करते हुए इन्हें शत प्रतिशत मतदान किए जाने हेतु सार्वजनिक स्थल जैसे पार्क, माल, सिविक सेंटर, बाजार, मुख्य चैक चैराहे, स्कूल, कॉलेजों भीड़-भाड़ वाले इलाके इत्यादि में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्य संपादन करने हेतु आदेशित किया गया है।

मुख्य कार्यालय में आज गोल घेरा बनाकर मतदाता जागरूकता का शपथ लिया गया अधिकारी/कर्मचारियों में 23 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर उत्साह नजर आया।

आयुक्त श्री सुंदरानी ने कहा कि हम कहीं भी रहे परंतु 23 अप्रैल को समय 7ः00 से 5ः00 बजे होने वाले मतदान दिवस में अवश्य मतदान के लिए पहुंचे यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए ।

उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने कहां की मतदान अवश्य करें यह हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है, साथ ही स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जन-जन तक मतदाता जागरूकता का संदेश अधिक से अधिक फैलाएं।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''

''वोट डालने जाना है- 23 अप्रैल को अपना फर्ज निभाना है''